# बिहार विधान सभा वादवृत्त।

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान सभा का कार्य-विवरण।

सभा का अधिवेशन पटने के सभा सदन में शुक्रवार तिथि २ दिसम्बर, १९५५ को ११ बजे पूर्वाह्न में माननीय अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्मा के सभापतित्व में हुआ।

## अतारांकित प्रश्नोत्तर

## Unstarred Questions and Answers.

श्री कृष्ण वल्लभ सहाय—महाशय, मैं गत सप्तम (फरवरी—अप्रैल, १९५५) सत्र के रुके हुए ४७६ अतारांकित प्रश्नों में से ८२ प्रश्नों के उत्तर मेज पर रखता हूं। शेष ३९४ अतारांकित प्रश्नों के उत्तर भी सचिवालय के विभागों से प्राप्त होने पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

सूची।

| क्र० सं०। | सदस्य। | प्रश्न संख्या। |
|---|---|---|
| १ | श्री जमुना राम | ३५१, ३५८ |
| २ | श्री भोला नाथ भगत | ३५२ |
| ३ | श्री जगन्नाथ प्रसाद 'स्वतंत्र' | ३५३, ३९०, ४१८, ४३० |
| ४ | श्री भागवत प्रसाद | ३५४ |
| ५ | श्री खूबलाल महतो | ३५५ |
| ६ | श्री पुनीत राय | ३५६, ४१० |
| ७ | श्री हृदय नारायण चौधरी | ३५७ |
| ८ | श्री सुपाई मुरमु | ३५९, ३६०, ३९४, ३९६ |
| ९ | श्री सुखलाल सिंह | ३६१, ३६२, ३९२ |
| १० | श्री जियाउर रहमान | ३६३, ३६४, ३६५, ३६६, ३६७ |
| ११ | श्री चेतू राम | ३६८, ४२२ |
| १२ | श्री वशिष्ट नारायण सिंह | ३६९, ३८१, ३८२, ३९५ |
| १३ | श्री घनश्याम सिंह | ३७०, ३७४, ४०४, ४०५, ४२४ |
| १४ | श्री कर्पूरी ठाकुर | ३७१, ३८६, ४००, ४२६, ४२७ ४२८। |
| १५ | श्री जगन्नाथ महतो | ३७२, ३८९ |
| १६ | श्री समरेन्द्रनाथ ओझा | ३७३, ४०२ |
| १७ | श्री रामचन्द्र यादव | ३७५ |
| १७क | श्री बैजनाथ सिंह | ३७६ |
| १८ | श्री सुखदेव मांझी | ३७७, ३७९, ३८० |
| १८क | श्री मंजूर अहमद | ३७८ |
| १९ | श्री देवचन्द राम | ३८३ |
| २० | श्री सुरेन्द्र नाथ विरुवा | ३८४ |
| २१ | श्री गोखुल मेहरा | ३८५ |

## कुनैन की बिक्री।

३५६। श्री सुपाई मुरमु—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह बात सही है कि सरकार कुनैन की बिक्री करती है तथा उसे जरूरत पर लोगों को मुफ्त में बांटती है ;

(ख) यदि खंड (क) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो जिला संथाल परगना में कुनैन विक्री करने वाले और मुफ्त में बांटने वाले के नाम और पता क्या हैं ?

श्री हरिनाथ मिश्र—(क) मलेरिया ग्रस्त रोगियों को मलेरिया तथा कालाजार केन्द्रों और सरकारी तथा डिस्ट्रिक्ट बोर्ड अस्पतालों के द्वारा मुफ्त में कुनैन बांटा जाता है। परन्तु आम जनता को कुनैन की बिक्री सरकार नहीं करती है। इसके पूर्व आम जनता को कुनैन की बिक्री पोस्ट आफिस द्वारा हुआ करती थी। परन्तु अब यह प्रथा प्रचलित नहीं है।

(ख) संथाल परगना में सरकारी तथा डिस्ट्रिक्ट बोर्ड अस्पतालों द्वारा कुनैन मुफ्त में बांटा जाता है।

## भैक्सिनेटरों की नियुक्ति।

३६०। श्री सुपाई मुरमु—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मास भैक्सिनेसन के लिए सूबे में ५० अस्थाई भैक्सिनेटरों की नियुक्ति हुई है, यदि हां, तो जिला संथाल परगना में कितने भैक्सिनेटरों की नियुक्ति हुई है, उनके नाम और पता क्या हैं ?

श्री हरिनाथ मिश्र—उत्तर स्वीकारात्मक है। जिला संथाल परगना में १२ भैक्सिनेटरों की नियुक्ति हुई है और इस संबंध में एक विवरण मेज पर प्रस्तुत है।

### संथाल परगना के भैक्सिनेटरों के नाम और पता।

| | |
|---|---|
| १। श्री जगनारायण मिश्र | भागलपुर। |
| २। श्री बृजेन्द्र प्रसाद मिश्र | भागलपुर। |
| ३। श्री नार[illegible]ह | भागलपुर। |
| ४। श्री उदित नारायण दास | भागलपुर। |
| ५। श्री रामेश्वर प्रसाद मंडल | भागलपुर। |
| ६। श्री मदन झा | भागलपुर। |
| ७। श्री छेदी प्रसाद दूबे | भागलपुर। |
| ८। श्री वासुनन्दन चौधरी | भागलपुर। |
| ९। श्री बोधनन्दन प्रसाद | भागलपुर। |
| १०। श्री ब्रह्म देव नारायण सिंह | भागलपुर। |
| ११। श्री प्रभु कुमार सिंह | भागलपुर। |
| १२। श्री सीताराम साव | भागलपुर। |